राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस नोट

दिनांक 15.07.14

दिनांक 14.07.2014 को द्वितीय पारी में आयोजित स्कूल व्याख्याता, वाणिज्य विषय की परीक्षा के प्रश्न पत्र "ए" और "बी" सीरीज में सही पाए गए लेकिन "सी" और "डी" सीरीज के प्रश्न पत्रों में प्रिन्टिंग की गलती के कारण कुछ प्रश्न रिपीट व कुछ प्रश्न छूट गए। इस सन्दर्भ में त्वरित कार्यवाही करते हुए आयोग प्रशासन ने प्रश्न पत्र में प्रिन्टिंग की गलती तथा अन्य तथ्यों को ध्यान में रखते हुए एक जांच कमेटी का गठन दिनांक 14.07.2014 को किया। गठित जांच कमेटी ने दिनांक 15.07.2014 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसको सम्पूर्ण आयोग की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

सम्पूर्ण आयोग की बैठक में जांच कमेटी की रिपोर्ट एवं अभ्यर्थियों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। यही भी निर्णय लिया गया कि एक माह में इस परीक्षा को अजमेर में पुनः आयोजित किया जाए।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिच